प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.08.2024 समय : 18.30 पीएम

00000

- प्रदेश में राज्यसभा उप चुनाव के लिये कुल तीन उम्मीदवारों ने पर्चे भरे–भारतीय जनता पार्टी की ओर से रवनीत सिंह का नामांकन पत्र दाखिल।

- अनुसूचित जाति–जनजाति के आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हाल के फैसले के विरोध में भारत बंद के आह्वान का प्रदेश में मिलाजुला असर।

- चिकित्सा विभाग से बातचीत के बाद प्रदेश के रेजीडेन्ट डॉक्टर आपातकालीन और आईसीयू सेवाओं में काम पर लौटेंगे।

- राज्य में इस मॉनसून में अब तक औसत से 44 प्रतिशत अधिक बारिश–192 बांध लबालब हुए।

00000

प्रदेश में राज्यसभा उप चुनाव के लिये तीन उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र भरे गये हैं। इस उप चुनाव के लिये नामांकन भरने के अंतिम दिन आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से रवनीत सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री सिंह ने रिटर्निंग ऑफिसर महावीर प्रसाद शर्मा को नामांकन पत्र के चार सैट प्रस्तुत किये। श्री सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करते समय उनके साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल समेत भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। आज भारतीय जनता पार्टी से डमी केंडिडेट के रूप में सुनील कोठारी ने भी राज्यसभा उप चुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि राज्य में राज्य सभा की एक सीट के लिये हो रहे उप चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने के आज अंतिम दिन तक तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र पेश किए हैं। 17 अगस्त को निर्दलीय बबीता वाधवानी ने भी इस उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया था। कांग्रेस या अन्य किसी पार्टी की ओर से नामांकन दाखिल नहीं किया गया हैं। कल नामांकन पत्रों की जांच होगी। 27 अगस्त तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। आवश्यकता होने पर 03 सितम्बर को उप चुनाव के लिये मतदान

होगा और उसी दिन शाम को मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

0000

अनुसूचित जाति–जनजाति के आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हाल के फैसले के विरोध में भारत बंद के आह्वान का आज प्रदेश में मिलाजुला असर रहा और अमूमन शांति रही। अधिकतर स्थानों पर बाजार बंद रहे। हालांकि आपातकालीन सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया। राजधानी जयपुर में बंद के आह्वान को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। शहर में कई जगह अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लोगों ने रैलियां निकालकर प्रदर्शन किया। पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू ने बताया कि बंद आमतौर पर शांतिपूर्ण रहा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले 10–12 दिन से पुलिस और प्रशासन के अधिकारी लगातार बैठक कर रहे थे। इसके चलते राज्य में छुटपुट घटनाओं को छोड़कर सभी जिलों में बंद के दौरान शांति बनी रही। झालावाड़ में एससी एसटी के समर्थक खेल संकुल के सामने एकत्रित हुए और वहां से जुलूस के रूप में मिनी सचिवालय पहुंचे। चूरू, टोंक, भरतपुर, बाड़मेर, जालोर, भीलवाडा सहित अन्य स्थानों पर भी अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों ने जुलूस निकाले और बाद में जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

00000

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस देशभर में 23 अगस्त को मनाया जाएगा। इस वर्ष के उत्सव का विषय चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना: भारत की अंतरिक्ष गाथा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी।  अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान–3 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया था। डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अगले दस वर्षों में पांच गुना बढ़कर लगभग 44 अरब डॉलर हो जाएगी।

00000

केंद्रीय कानून और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोगों को अपने कार्यालयों में खुश और सकारात्मक माहौल बनाए रखने और अपने

सहयोगियों का ख्याल रखने के लिए प्रोत्साहित किया है। नई दिल्ली में कर्मचारियों के लिए मानवीय मूल्यों के माध्यम से खुशहाली बढाने पर एक प्रेरक व्याख्यान सह कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि यदि कर्मचारी एक–दूसरे की चिंताओं को साझा करें तो भावनात्मक पीड़ा को कम करने में मदद मिल सकती है। श्री मेघवाल ने कहा कि कर्मचारियों के तनाव मुक्त रहने से उनकी कार्यक्षमता बढती है।

00000

प्रदेश के रेजिडेंट डॉक्टर आपातकालीन और आईसीयू सेवाओं में काम करने को तैयार हो गये हैं। हालांकि रेजिडेंट डॉक्टर अभी भी ओपीडी समेत अन्य सामान्य कामकाज नहीं करेंगे। आज चिकित्सा विभाग और रेजीडेंट डॉक्टरों के बीच हुई बातचीत में कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी है। कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुई घटना के बाद से राज्य के रेजिडेंट डॉक्टर पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय से हड़ताल पर हैं। वार्ता के बाद चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि रेजिडेंट डॉक्टर चिकित्सा सेवाओं और अस्पताल की रीढ की हड्डी है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन और आईसीयू सेवाओं में रेजिडेंट डाक्टरों की सेवाएं मिलने से लोगों को राहत मिलेगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त् मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि डॉक्टरों की सुरक्षा और उनके लिए अस्पतालों में अच्छा महौल देने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं।

00000

राज्य में इस मॉनसून में अब तक औसत से 44 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान प्रदेश के पश्चिमी जिलों में 71 प्रतिशत अधिक और पूर्वी जिलों में 27 प्रतिशत अधिक बरसात हुई है। राज्य के 23 जिलों में असामान्य बारिश हुई है। वहीं 13 जिलों में औसत से ज्यादा पानी बरसा है। इस साल एक जून से अब तक 8 जिलों में सामान्य बारिश और 6 जिलों में औसत से कम बरसात हुई है। जल संसाधन विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक हुई बारिश से राज्य के बांधों में भराव क्षमता का लगभग 61 प्रतिशत पानी आ चुका है। इस दौरान कुल 691 छोटे बडे बांधों में से 192 बांध लबालब हो चुके हैं, जबकि 340 बांध आंशिक भर चुके हैं। इस बीच प्रदेश में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। करौली जिले के कालीसिल बांध क्षेत्र में सबसे ज्यादा 90 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गयी। जयपुर में आज दिन में कई इलाकों में तेज बारिश हुई। दौसा में बारिश का दौर लगातार जारी है। पाली में दोपहर के समय कई कस्बों में हल्की से तेज बारिश हुई है, जिससे सड़कों पर पानी

जमा हो गया। कोटा में भी शाम को जोरदार बरसात के समाचार है। श्रीगंगानगर में भी कई स्थानों पर बरसात हुई है। डूंगरपुर में हल्की बारिश हुई। जैसलमेर में बारिश का दौर थम गया है, लेकिन अभी भी कई गांवों और कस्बों में पानी भरा है। जिला प्रशासन पानी की निकासी के प्रयास कर रहा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पूर्वी भागों में आगामी एक सप्ताह मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। इस दौरान भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में कहीं–कहीं मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। कोटा, उदयपुर और जयपुर संभाग के जिलों में आगामी 5–6 दिन कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं। जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में कहीं–कहीं आगामी दो–तीन दिन हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

00000

टोंक जिले में आज 4 बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसा जिले के उनियारा उपखंड के रघुनाथपुरा खुर्द गांव में हुआ। गांव के 5 बच्चे पानी के गड्ढे में उतरी भेंस को बचाने के प्रयास में पानी में कूद गये। गड्ढा गहरा होने की वजह से 4 बच्चों की डूबने से मृत्यु हो गई, जबकि एक बच्चा तैरकर सकुशल बाहर आ गया। पुलिस ने बच्चों के शव बाहर निकालकर, पोस्टमार्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौप दिया। उधर झालावाड जिले के झालरापाटन में चन्द्रभागा नदी में नहाने गया एक युवक पानी में डूब गया। एसडीआरएफ के गोताखोरों की टीम उसे खोजने में लगी है।

**0000**

भीलवाड़ा रेल्वे स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के तहत तेज गति से काम किया जा रहा है। अजमेर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला के अनुसार इस योजना में भीलवाड़ा  स्टेशन पर 15 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। अब तक सेकंड एंट्री बिल्डिंग का काम पूरा कर रिजर्वेशन और बुकिंग ऑफिस शुरू कर दिया गया है। साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया को डेवलप किया जा रहा है। इसके अलावा पार्सल बिल्डिंग और  पांच रिटायरिंग रूम के काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्टेशन परिसर में ओवर हैड पानी की टंकी का काम भी किया जा रहा है।

00000

जैसलमेर के रामदेवरा में आज भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की बीज पर श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा अर्चना की। इस मौके पर विभिन्न स्थानों से आये श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किये। मंदिर प्रशासन द्वारा इस अवसर पर विशेष प्रबंध किए गए। मेला परिसर में पुलिस ने नफरी बढ़ा दी है।

00000

अजमेर के मुख्य डाकघर में आज "डाक सेवा चौपाल" का आयोजन किया गया। इसमे आमजन को सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिये श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। श्रोता नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी अपनी बात साझा कर सकते हैं।

00000